हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 29 दिसंबर 2024



# महापौर चुनाव लड़ने वाले नेता खर्च कर पाएंगे 15 लाख, पार्षदों की लिमिट पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब चुनावी दलों के साथ ही प्रशासन स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई है। वार्डों का आरक्षण होने के बाद अब आगामी सात जनवरी को महापौर, नपा एवं नपं अध्यक्ष पदों को लेकर आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। इधर महापौर एवं पार्षद चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे नेताओं के लिए नई खर्च लिमिट भी तय कर दी गई है। राजनांदगांव नगर निगम में महापौर पद का चुनाव लड़ने वाले नेता अधिकतम पंद्रह लाख रुपए खर्च कर पाएंगे। वहीं पार्षद प्रत्याशियों के लिए यह लिमिट पांच लाख रुपए तय की गई है।

उल्लेखनीय है कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा अपने प्रचार-प्रसार में भारी भरकम रुपए खर्च किए जाते हैं। हालांकि इसको लेकर भी निर्वाचन आयोग द्वारा लिमिट तय की जाती रही है। इस बार नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी निर्वाचन ने विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं की खर्च लिमिट तय कर दी है। आदेश अनुसार सभी पदों में आबादी के अनुसार ही खर्च लिमिट तय की गई है। 5 लाख से अधिक आबादी वाले निगम में 25 लाख, 3 से 5 लाख आबादी वाले नगर निगम में 20 लाख एवं तीन लाख से कम आबादी वाले निगम में 15 लाख की लिमिट है। ऐसे ही नगर पालिका में 50 हजार से अधिक आबादी पर 10 लाख एवं 50 हजार से कम आबादी पर 7 लाख रुपए की लिमिट है। नगर पंचायतों में छह लाख रुपए की अधिकतम खर्च लिमिट तय की गई है।

## डोंगरगढ़ नपा में अध्यक्ष पद के दावेदार खर्च कर पाएंगे अधिकतम आठ लाख रुपए

### इतना खर्च कर पाएंगे नेता

राजनांदगांव नगर निगम में महापौर पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अधिकतम 15 लाख एवं पार्षद चुनाव लड़ने वाले नेता पांच लाख खर्च कर पाएंगे। वहीं डोंगरगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले नेता 8 लाख एवं पार्षद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी दो लाख रुपए खर्च कर पाएंगे। एलबी नगर, छुरिया और डोंगरगांव नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अधिकतम छह लाख एवं पार्षद प्रत्याशी 75 हजार रुपए ही खर्च कर पाएंगे।

- जिले के पांच निकाय में होंगे नगरीय निकाय के चुनाव
- पिछले बार से बढ़ाई गई चुनाव लड़ने की खर्च लिमिट




### सात जनवरी को होगा आरक्षण

राजधानी रायपुर में 7 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे से आरक्षण की प्रक्रिया पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम, साइंस कॉलेज परिसर में की जाएगी। शुरूआती एक घंटे में प्रदेश के 10 नगर निगम में महापौर पद को लेकर आरक्षण की प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद साढ़े 11 से 12.30 बजे तक नगर पालिका अध्यक्ष का आरक्षण होगा। सबसे अंत में दोपहर साढ़े 12 बजे से नगर पंचायत के अध्यक्षों का आरक्षण होगा। ज्ञात हो कि जिले में राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका एवं डोंगरगढ़, एलबी नगर, छुरिया नगर पंचायत में चुनाव होने है।

# मतदाता सूची की मेहनत पर फिरा पानी अब पन्द्रह दिन के अंदर अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय और पंचायत चुनाव का इंतजार कर रहे लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फिर से मतदाता सूची तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी करने के बाद एक बार फिर माथापच्ची करनी होगी। यानि अक्टूबर व नवंबर माह में किए गए प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन की सूची पर पानी फिर गया है। विगत शुक्रवार देर रात आयोग ने एक आदेश जारी कर पंचायत और नगरीय निकाय के लिए मतदाता सूची फिर से तैयार किए जाने के निर्देश के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं।

इस नए फरमान को द्वितीय चरण के नाम से जारी किया गया है, जिस पर गौर करे तो महज पन्द्रह दिन के अंदर निकाय और पंचायत का एक साथ प्रारंभिक प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की गई हैं।

पिछले दिनों राज्य से लेकर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन व आरक्षण की तिथि को लेकर (दो-दो बार बदले तारीख) जमकर उथल-पुथल मची रही। अंत में राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरा कार्यक्रम ही बदल दिया। जानकारों की माने तो पूर्व में नाम जोड़ने की अर्हता एक जनवरी से बढ़ाकर एक अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई थी। हर तीन-तीन माह में नाम जोड़ने के नियम के अनुसार जनवरी में चार माह हो जाता। यही कारण है कि, एक जनवरी से पहले ही पुनः मतदाता सूची कार्यक्रम जारी करना पड गया। इधर शुक्रवार को आदेश के वायरल होने के बाद जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की होश उडे रहे। जनप्रतिनिधियों को अब फिर से निर्वाचन नामावली के लिए एक्सरसाइज करना पडेगा।



### पहले एक माह में हुई थी प्रक्रिया

पूर्व में निकायो के मतदाता सूची तैयार करने के लिए 16 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था, वही 22 नवंबर 2024 को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया था। हालांकि बाद में अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर कर दिया गया था। वहीं पंचायत चुनाव के लिए प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 और अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर 2024 को निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर 13 दिसंबर कर दिया गया था। इस तरह पूर्व में एक माह में प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन किया गया था। वहीं दुबारा अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई गई थी, जिससे और भी समय मिल गया था। लेकिन नए आदेश में सिर्फ पन्द्रह दिन के अंदर प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन किया जाना है।

### एक साथ निकाय-पंचायत के कार्यक्रम

राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा अनुमोदित आदेश में निकाय और पंचायत दोनों का कार्यक्रम एक ही तारीख को साथ-साथ होगा। जिसमें निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर, दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक, निपटारे की अंतिम तारीख 9 जनवरी 2025, निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन, 15 जनवरी 2025 होगा।

### चार को समाप्त होगा कार्यकाल

इधर नगर निगम का कार्यकाल आगामी चार जनवरी को समाप्त हो रहा है। इस बीच प्रशासक बैठने की भी चर्चा हैं। इधर मेयर का आरक्षण 27 से सात जनवरी कर दिया गया है। वहीं पंचायत का आरक्षण 28-29 दिसंबर से बढ़ाकर आठ से 11 जनवरी के बीच किया गया है। इसमें जिला अध्यक्ष का आरक्षण 11 जनवरी को रायपुर में होना बताया गया हैं। इस तरह भले ही मतदाता सूची के लिए नया कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, लेकिन अंतिम प्रकाशन के पहले आरक्षण हो जाएगा।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर: बढ़ेगी ठंड, दो दिन बारिश के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना देखने को मिल रही है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण अंचल में अगले 48 घंटे में बेमौसम बारिश के आसार बताए गए है। वही इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 2 जनवरी को अंचल में सर्वाधिक ठंड रहने की उम्मीद है।



मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किमी से लेकर 5.8 किमी ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। प्रदेश में कल 28 दिसंबर को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 27 और 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ में तथा 28 और 29 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की सम्भावना है।

### तापमान में गिरावट, चलेगी शीतलहर

29 दिसम्बर से प्रदेश के न्युनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है। 02 जनवरी को प्रदेश के मध्य और उत्तर में ठंड का पीक और 03 जनवरी को बस्तर के जिलों में ठंड का पीक रहने की सम्भावना है। 02 जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट संभावित है। उत्तर छत्तीसगढ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है।

# मालवाहक ट्रेन का केबल टूटा

## घंटों लेट हुई कई ट्रेनें



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हावड़ा-मुंबई रेलवे लाईन में शनिवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे एक मालवाहक ट्रेन का केबल टूट जाने से अप दिशा की दर्जनों ट्रेनें प्रभावित रही। कई ट्रेनें तो 3 से 5 घंटे तक देर से पहुंची। हालांकि दोपहर तक इसमें सुधार कार्य कर लिया गया था, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक ओएचई केबल में तकनीकी खराबी के चलते हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग प्रभावित हुआ है। तकनीकी खराबी की वजह से दरभंगा एक्सप्रेस और गोंडवाना एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ में रोक दिया गया है। इसके अलावा नागपुर की तरफ से आने वाली कई ट्रेनें भी देरी से चतकनीकी खराबी की सूचना के बाद गोंदिया आरपीएफ स्टाफ को टावर वैगन से घटनास्थल के लिये रवाना किया गया। जिसके बाद सुधार कार्य किया गया है।

# होटल-रिसोर्ट को रात एक बजे से पहले बंद करने निर्देश, कैमरा लगाना जरुरी

## नए साल के जश्न पर रहेगी पुलिस की नजर, बैठक लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी से बैकफूट पर आ पहुंची जिला पुलिस अब नए साल के जश्न को लेकर पुख्ता सुरक्षा इंतेजाम करने में जुट गई है। जश्न के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से बचने के लिए जिला पुलिस ने सभी होटल, रेस्टॉरेंट, ढाबा संचालकों के साथ ही रिसोर्ट मालिकों की एक बैठक ली। इस बैठक में कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए।

नववर्ष के स्वागत में 31 दिसंबर को विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैय्यारियां लोगों ने शुरू कर दी है, वही होटल रिसोर्ट में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसे देखते हुए एएसपी राहुल देव शर्मा ने होटल रिसार्ट संचालको की बैठक लेकर 31 दिसंबर की रात होने वाले कार्यक्रमों को साढे 12 से 1 बजे के बीच बंद करने के निर्देश दिए है। वही हुडदंग करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के हिदायत दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर होटल,रिसार्ट संचालकों का बैठक आयोजित की गई।



**उल्लंघन होने पर दे पुलिस को सूचना :** कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार के उल्लघंन होने पर अपने-अपने थाना,चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने की हिदायत दी गई।

### सीसीटीव्ही दुरूस्त करावें

जो भी गेस्ट आयेंगे उसका रिकार्ड रखने के लिये कहा गया। होटल, रिसॉर्ट में जितनी संख्या सीमित है उतना ही संख्या बुलाया जाये अत्यधिक भीड़ न करें। कार्यक्रम कराने के पूर्व स्थानीय शासन से विधिपूर्वक अनुमति लेकर कार्यक्रम करें। होटल, रिसॉर्ट में लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरा को दुरूस्त कर लेवें और जहां सी.सी.टी.व्ही कैमरा नहीं लगा है वहां आवश्यक रूप से लगावें जिससे अपराधियों में पहचान उजागर होने का भय हो और यदि घटना होती है तो घटना पश्चात पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में सहायता मिले।

### सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा

उक्त बैठक में आगामी नव वर्ष 2025 के पहले 31 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्च की गई। 31 दिसंबर की रात साढे 12 बजे से 1 बजे के बीच कार्यक्रम बंद करने हेतु दिया निर्देश दिया गया। बिना अनुमति के शराब नही पिलाएंगे, यदि पिलाता है तो आबकारी विभाग से अनुमति या लायसेंस लिया जाये। हुड़दंग करने पर कार्रवाई की जायेगी।

# शहर में चोर सक्रिय, दो सप्ताह के भीतर तीन साइकिल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बाजार क्षेत्र में इन दिनों साइकिल चोर सक्रिय हो गए हैं। इन चोरों की निगाह साइकिलों पर है और बाजार सब्जी खरीदने पहुंचने वाले लोगों को ये अपना निशाना बना रहे हैं।

शहर के जयस्तंभ चौक क्षेत्र, जूनी हटरी में ये अज्ञात चोर साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ज्यादातर साइकिल देर शाम सब्जी खरीदने वाले लोगों की चोरी हो रही है। बीते शुक्रवार को भी यहां जूनी हटरी क्षेत्र से रात लगभग 8 बजे एक साइकिल चोरी हुई है।

शहर के मोतीपुर-रामनगर निवासी जय कुमार सारथी ने बताया कि उन्होंने अपनी साइकिल जुनी हटरी में आलू दुकान के समीप रखी थी, साइकिल पर ताला भी लगाया था। वो सब्जी लेने बाजार के भीतर गए और 10-15 मिनट बाद जब वापस लौटे तो उनकी साइकिल वहां नहीं थी। आसपास पूछने और घंटों तलाशने पर भी साइकिल नहीं मिली।

### कुछ दिन पहले भी दो साइकिल चोरी

गोलबाजर के समीप जय स्तंभ चौक क्षेत्र से कुछ दिन पहले भी दो लोगों की साइकिल चोरी हुई थी, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थाने तक नहीं पहुंची है। जिसकी वजह से बाजार क्षेत्र में साइकिल चोर सक्रिय होकर साइकिलों की चोरी कर रहे हैं।






## खबर संक्षेप

### सीएमओ की पदस्थापना

**घुमका।** स्थानीय नगर पंचायत में प्रथम सीएमओ के पद पर ज्ञानेश्वर प्रसाद की पदस्थापना हुई है। गत 26 दिसंबर को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने आदेश जारी कर धमधा नगर पंचायत के सहायक राजस्व निरीक्षक ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास को सीएमओ पद पर पदस्थ किया है।

### गौ को राज्य माता घोषित करने की मांग



**घुमका।** सात दिवसीय पांच कुण्डीय मानस महायज्ञ एवं रामलीला का आयोजन डुंडिया में किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे संतों ने सनातन को जीवित रखने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को सनातन धर्म की शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा व संस्कार देने कहा ताकि वृद्धाश्रम और गो शाला खोलने की जरूरत न पड़े। संतों ने सभा में गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग उठाया। उन्होंने कहा कि मांग को पूरा कराने के लिए अनशन करने के अलावा विधानसभा का घेराव भी किया जा सकता है। इस मांग का समर्थन उपस्थित श्रोताओं ने हाथ उठा कर किया। संतो के उदबोधन बाद तिलखेड़ी आश्रम के कथावाचक संत राम ज्ञानी दास ने राम वन गमन, राम की महिमा का बखान किया।

### भेड़ीकला में मनी अटल की जयंती



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में सुशासन दिवस मनाया गया। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुशासन चौपाल में शपथ दिलाया गया। आवास हितग्राहियों को विष्णु की पाती वितरित की गई। इस अवसर पर सरपंच कृष्णा साहू, उपसरपंच अजीतराम देवांगन, सचिव, रोजगार सहायक, आवास हितग्राही, ग्रामीणजनों में झनेश देवांगन, प्रवीण प्रदीप, नरेंद्र, मुकेश, तिहारु, सोनू, मोती, शारदा एवं अन्य उपस्थित थे।

### 31 तक मां परमेश्वरी देवी देवांगन पुराण कथा



**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी में मां परमेश्वरी देवी देवांगन कथा यज्ञ का आयोजन 25 से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। श्रीमती संगीताबाई दिलीप देवांगन परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रथम दिवस 25 दिसंबर को कलश यात्रा, घट एवं माता परमेश्वरी मूर्ति स्थापना की गई। खरोरा निवासी पं. संतोष महाराज द्वारा संगीतमय कथा वाचन दोपहर 2 शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। देवांगन दंपत्ति ने ग्रामवासियों से कथा स्थल सोमनी में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की।

## खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद भी परिवहन सुस्त

# चरमराने लगी धान खरीदी व्यवस्था टेंशन में किसान और समिति प्रबंधक

## कई केन्द्रों में खरीदी बंद होने के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

खरीदी केंद्रो से धान का परिवहन कछुआ चाल से होने के कारण समिति प्रबंधक काफी परेशान है। वहीं किसान धान बेचने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्र महाराजपुर, लालूटोला, लाल बहादुर नगर, रामाटोला, मडियान, बागरेकसा, कनेरी, चारभांठा, ठाकुरटोला, बोरतलाव, पनियाजोब, मेढा, मुड़पार, कोलिहापुरी, अछोली, ढारा, छिपा, कसारी, मोहारा, भंडारपुर, मुढ़ीपार, पांडादाह, इटार, गातापार, बेलगांव में बफर लिमिट से पांच गुना अधिक धान की खरीदी हो चुकी है परंतु परिवहन के नाममात्र हो पाया है जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई है।

जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति मुसराकला में 22 दिसंबर तक 63846 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। यहां की बफर लिमिट 12102 क्विंटल की है। यहां अब तक 9890 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। अब धान के भंडारण के लिए जगह नहीं होने के कारण 23 दिसंबर से धान खरीदी बंद है। समस्या को देखते हुए अतिशिघ्र डीओ जारी कर परिवहन कराने का निवेदन किया गया है ताकि धान खरीदी सुचारू रूप से हो सके। धान का उठाव नहीं होने के कारण मुसरा सहित अन्य सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने की संभावना नजर आ रही है।

### किसान बेहद परेशान

प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपए की दर से खरीदने की घोषणा से किसान बेहद खुश थे किन्तु वर्तमान में जिस तरीके से खरीदी किया जा रहा है उससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। पहले धान खरीदी 15 दिन विलंब से धान खरीदी चालू किया गया वहीं आए दिन खरीदी के बाधित होने से किसान हलाकान हो गए हैं। किसानों में प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी देखने मिल रहा है।



### गांधी ने सुनी किसानों की समस्याएं



**कनेरी।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने गुरूवार को ग्राम पहुंचकर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया तथा किसानों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने किसानों से धान खरीदी महाअभियान पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि साय सरकार के नेतृत्व में किसानों का धान 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। सरकार धान की जो कीमत दे रही वह देश में सबसे अधिक है। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष बोधी साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गिरवर साहु, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रशांत कोडापे, चंदू अग्रवाल, चंद्रप्रकाश देशमुख, थनवर, घनश्याम, फूलसिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता पहुंचे धान खरीदी केन्द्र



**गंडई पंडरिया।** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भिझेश यादव एवं विधायक प्रतिनिधि दिलीप ओगरे ने सेवा सहकारी समिति लीमो एवं गंडई पहुंचकर प्रबंधक से वस्तुस्थिति की जानकारी हासिल किया। उन्होंने बदलते मौसम को देखते हुए धान के रखरखाव, उठाव की स्थिति आदि के बारे में पूछा। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानियों को प्रबंधकों के समक्ष रखते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ न इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने बताया कि समितियों में किसानों के साथ बहुत दिक्कत हो रही है। 14 दिन विलंब से धान खरीदी आरंभ होने के बाद टोकन के नाम पर परेशान किया गया है। किसानों को धान की पूरी कीमत नहीं मिल रही है। अंतर की राशि का भुगतान कब किया जाएगा यह सरकार ने अब तक स्पष्ट नहीं किया है। इस दौरान इजराइल खान, महंगू कोसरे, अनिल जंघेल उपस्थित थे।

# समय से पहले बंद मिले गांव के स्कूल



- चार शिक्षकों का वेतन काटने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जिला एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षा का स्तर उठाने के स्कूलों का निरीक्षण कर रहे हैं। शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देशित दिया जा रहा है। बीते सप्ताह निरीक्षण के दौरान देवपुरा घाट स्कूल में चार शिक्षक अनुपस्थित मिले। अधिकारी ने एक दिन का वेतन काटने की कारवाई किया है।

जानकारी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डडसेना ने गत 17 दिसम्बर को वनांचल र के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपरान्हे 3 बजे देवपुरा घाट पहुंचे। यहां प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल बंद मिले। शिक्षक भी अनुपस्थित थे। अधिकारियों ने दोनों स्कूल में पदस्थ चार शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई किया।

### छात्र के परिवार को दिया एक लाख

जानकारी अनुसार पांच साल पहले स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्यनरत नवागांव निवासी छात्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की पहल पर मृतक छात्र के परिवार को एक लाख रूपए दिया गया है। डीईओ श्री द्विवेदी एवं बीईओ श्री डडसेना साल्हेवारा स्कूल पहुंच कर मृतक तोरणदास मानिकपुरी पिता जनक दास मानिकपुरी के परिजनों को एक लाख का चेक दिया। इस मौके पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष गगन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### परीक्षा को लेकर बैठक अगले सप्ताह

जनवरी के पहले सप्ताह में विकासखंड के विभिन्न सेक्टर में शिक्षा अधिकारी बैठक लेकर आगामी परीक्षा की जानकारी लेंगे। जनवरी में कक्षा 10 वीं, 12 वी की प्री बोर्ड परीक्षा सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में होना है। परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जोन स्तर पर बैठक लेकर शिक्षकों को दिशा निर्देश देंगे।

## रेलवे स्टेशन से मोटर साइकिल पार



**डोंगरगढ़।** रेलवे स्टेशन परिसर से मोटर साईकिल चोरी हो गई। मेहमान को मोटर साईकिल से भीमनगर निवासी टीकाराम जंभुलकर स्टेशन गए थे। वह मोटर साईकिल को खड़ा कर प्लेटफार्म चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि मौके पर मोटर साईकिल क्रमांक सीजी 08 जेआई 1839 नहीं थी। आसपास मोटर साईकिल के नहीं दिखने पर उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराया। मोटर साईकिल चोरी की घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रहा है कि अज्ञात चोर मोटर साईकिल को शिवाजी होटल के पास से भंडारपुर की ओर ले जाते नजर आ रहा है। स्टेशन परिसर से इसके पूर्व में भी मोटर साईकिल की चोरी हो चुकी है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



### कालेज में मॉडल परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में बी.एड़ तृतीय सेमेस्टर का मॉडल परीक्षा 20 एवं 21 दिसंबर को आयोजित किया गया। मॉडल परीक्षा से छात्रों को अपने ज्ञान का आंकलन करने में मदद मिलती है। प्राचार्य ने कहा कि मॉडल परीक्षा से छात्रों को अपनी तैयारी का आंकलन में मदद मिलती है। इससे परीक्षा के लिए टाइम मैनेजमेंट सीखने में मदद मिलती है। छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उच्च अंक प्राप्त करने में सहायक होता है। मॉडल परीक्षा से छात्रों को एग्जाम में स्ट्रेस कम होता है। इसे ध्यान में रखते छात्र परीक्षा दें, तो हमें बेहतर परिणाम मिलता है। छात्रों को आगामी 27 दिसंबर से होने वाली सेमेस्टर परीक्षा हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। विभाग अध्यक्ष शिक्षा प्रीति इंदौरकर ने कहा कि मॉडल परीक्षा छात्रों को मार्किंग स्कीम को समझने में मदद मिलती है तथा प्रश्नों के उत्तर कैसे, क्या तथा किस तरह लिखे, इसकी जानकारी मिलती है।

# प्रभारियों को पता नहीं और स्कूल के फंड से निकल गए साढ़े पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक शिक्षिका के लगातार अवकाश पर रहने और फिर पढ़ाई नहीं होने के कारण छात्रों के अन्य स्कूलों में दाखिला लेने को लेकर सुर्खियों में आए उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ में अब आर्थिक अनियमितता का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के प्रभारी प्राचार्य टीआर नागवंशी के सेवानिवृत्त होने के बाद दौलतराम आचले इस पद का दायित्व गत 10 जुलाई से संभाल रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रभारी प्राचार्य ने विभिन्न मद से 5 लाख 44 हजार 500 रूपए का आहरण कर लिया है। राशि आहरण के बाद शाला में किसी प्रकार का व्यय नहीं किया गया है।

### मद प्रभारी अनभिज्ञ

जानकारी के अनुसार सभी मद के अलग अलग प्रभारी है जो अब तक जरूरत के हिसाब और शासन के निर्देशानुसार राशि व्यय करते रहे हैं किन्तु वर्तमान में जो राशि का आहरण किया गया है उसकी जानकारी पासबुक नहीं होने के कारण उन्हे भी नहीं थी। बैंक पासबुक मांगने पर उक्त गड़बड़ी का खुलासा होने पर मद प्रभारी सदमे में आ गए। जानकारी के अनुसार इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से 13 दिसंबर को की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं।

राशि आहरण की जानकारी मद प्रभारियों को बैंक पासबुक मांगने पर हुई। जानकारी के अनुसार सभी मदों की पासबुक और चेक प्रभारी प्राचार्य अपने पास ही रखे हुए थे।

जानकारी के अनुसार जुलाई से दिसंबर के बीच प्रभारी प्राचार्य ने विज्ञान फीस निधि से 137000, विज्ञान क्लब निधि से 80000, परीक्षा निधि से 174500, क्रियाकलाप निधि से 41000, जनभागीदारी से 102000 और गरीब छात्र निधि से 10000 रूपए का आहरण कर लिया है।

उपरोक्त मद में अब क्रमशः 6830, 6660, 8029, 5089, 13498, 2013 रूपए शेष है। जानकारी के अनुसार छह मदों से कुल 544500 रूपए का आहरण किया गया है।

# अब शाम को भी कचरे का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नगर को साफ रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने एक और पहले करते हुए शाम को कचरा संग्रहित करने की शुरुवात की है। स्वच्छता अभियान के तहत अब तक स्वच्छता दीदियों के माध्यम से अब तक सुबह कचरा संग्रहित किया जा रहा था। देखने में आ रहा था कि बाजार क्षेत्र सहित अन्य व्यवसायिक इलाके के दुकानदारों द्वारा शाम को कचरा मार्ग सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर फेंक दिया जाता था जिससे सड़क और अन्य स्थानों पर कचरा ही कचरा नजर आता था। सुबह क्षमता से ज्यादा कचरा एकत्रित होने से स्वच्छता दीदियों को दिक्क़त होती थी। परेशानी और शहर की बिगड़ती सूरत को देखते हुए नगर पंचायत ने अब शाम को भी व्यवसायिक क्षेत्र से कचरा एकत्रित करने की शुरुवात की है। सीएमओ विनम्र जेमा ने व्यापारियों से दुकान से निकलने वाले कचरे को नाली में डालने या यहां वहां फेकने के बजाए संग्रहित कर रखने और कचरा गाड़ी आने पर उसमे ही डालने की अपील की हैं।

### गोविंदपुर मड़ई 30 को

**एलबी नगर।** गोविंदपुर में आगामी 30 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है।

रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए लखनपुरी की रंग रसिया नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी चोलूराम, कामता प्रसाद, देवानंद ने दिया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

# व्हालीबाल स्पर्धा में भिलाई टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



नगर के युवाओं के तत्वावधान में रात्रिकालीन व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रमुख शहरों के अलावा मप्र, पंजाब आदि राज्यों से 40 टीमों ने शिरकत किया।

स्पर्धा का शुभारंभ कुमार देवराज किशोर दास ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छुईखदान में खेलों का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है जो बीच शिथिल हो गया था जिसे युवाओं अब पुनर्जीवित किया है।

अंतर्राज्यीय आयोजन मे प्रथम पुरूस्कार 31 हजार एवं कप देवराज किशोर दास, द्वितीय 21 हजार एवं कप महावीर जैन, तृतीय 11 हजार एवं कप जितेन्द्र सिंह की स्मृति में मोंटू ठाकुर की ओर से दिया गया। नगर के व्हालीबाल खिलाड़ी देवेन्द्र महोबिया के संयोजन में आयोजित स्पर्धा को सफल बनाने में शरद श्रीवास्तव, चिंटू महोबिया, देवेंद्र महोबिया, राजेश वैष्णव, कैलाश श्रीवास, राजेश चौबे, विशाल मारुतकर, राजहंस पटेल, कमलेश कम्मो साहू, शेखर नेताम, मोहन चंद्राकर, प्रवीण मेश्राम, आशुतोष महोबिया, कौशल चंदेल, अभिषेक जैन, राज महोबिया, रवि गिरीभट, दुष्यंत साहू, शिवम राजपूत, टीकम रजक, मोहित यादव, आदित्य वैष्णव ने सहयोग दिया। निर्णायक हंसराज पटेल एवं राजेश चौबे थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेयर ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा मोहारा वार्ड नं. 47 स्थित शारदा मंदिर के पास महापौर निधि अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से कुम्हार समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका बीत दिनों महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मधुकर वंजारी, भागचंद साहू, गणेश पवार, अमीन हुद्दा, सरिता अवधेश प्रजापति, अरूण देवांगन, अवधेश प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर उप अभियंता ज्योति साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### उप जेल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उप जेल डोंगरगढ़ में श्रमदान सफाई अभियान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप जेल डोंगरगढ़ में 9 से 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों संचालित की गई। इसके साथ ही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उमंग और पद्मश्री डॉ. भारती बंधु द्वारा कबीर एवं सूफी भजन का भी आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय द्वारा विजेता बंदियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## ग्रामों को स्वच्छ रखने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ने किया विभिन्न ग्रामों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य समन्वयक (स्वच्छता प्रकोष्ठ) एवं प्रभारी दुर्ग संभाग श्रीमती अभिलाषा आनंद द्वारा जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्रामों का दौरा कर स्वच्छता का अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत अंजोरा में सामुदायिक शौचालय के संचालन एवं देखरेख के संबंध मे पंचायत प्रतिनिधियों, आसपास के दुकानदारों से चर्चा कर साफ-सफाई बनाए रखने हेतु सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कहा गया।

ग्राम के भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को खुले में कचरा फेंकने से स्वास्थ्य पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभाव से अवगत कराया तथा ग्राम में गंदगी फैलाने वालों पर अर्थदण्ड लगाने भी कहा। उन्होंने ठोस अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण शेड मे कचरे की नियमित छंटाई करने एवं कबाड़ी वाले से अनुबंध करके बिक्री करने, प्रतिमाह स्वच्छाग्राही दीदी को सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि 15वें वित्त एवं युजर चार्जेस से दिलाने के निर्देश दिए।



### यूजर चार्जेश के लिए लाएं जागरुकता

राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद ने ग्राम पंचायत कोपेडीह के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से सिंगल युज प्लास्टिक को जलाने से होने वाले रोगों के संबंध चर्चा की। ग्राम पंचायत द्वारा वर्तमान में स्वच्छाग्राहियों को 15 वें वित्त से 9000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने पर प्रशंसा व्यक्त की। साथ ही युजर चार्जेस के लिए जनजागरूकता लाने निर्देशित किया गया। उन्होंने सामुदायिक शौचालय को लगातार चालू रखने हेतु निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायत बघेरा में स्वच्छता दीदीयों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कचरा पृथक्करण शेड के माध्यम से 6500 रूपए की कबाड़ी की बिक्री की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा युजर चार्जेस 70000 रूपए वार्षिक लिया जा रहा है। उन्होंने ग्राम में निर्मित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया गया और संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद ने ग्राम पंचायत बोरी में स्वच्छताग्राहीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से लैंडफिल करने, ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के कचरे को खुले में नहीं फेंकने के लिए जागरूक करने, सामुदायिक शौचालय में ब्लैक एवं ग्रेवाटर की समुचित निपटान हेतु सोख्ता निर्माण करने, संचालन एवं देखरेख हेतु समीप के दुकान को जिम्मेदारी देने निर्देशित किया गया। इस दौरान स्वच्छता शुल्क हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सभी परिवारों को रसीद दिए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने सभी पंचायतों मे इसी तरह की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेश के एक भी जिला पंचायत में नहीं होगा ओबीसी अध्यक्ष?

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार कि आरक्षण नियम की पोल खोलते हुए कहा के वर्तमान में जिस प्रकार से आरक्षण नियमों का पालन करते ग्राम,जनपद,जिला पंचायत, नगरीय निकाय के आरक्षण प्रक्रियाधीन है उसके चलते पूरे प्रदेश के एक भी जिला पंचायत सीट में ओबीसी का अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित नहीं होने वाला है जो राज्य के ओबीसी वर्ग के साथ छ ग की भाजपा सरकार का अन्यायकारी नीति है।

महामंत्री शाहिद भाई ने जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण की तुलनात्मक सारणी को स्पष्ट करते हुए बताया कि जहां पूर्व में 2019 में ओबीसी जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए 7 सीट आरक्षित थी वहां वर्तमान में शून्य होने की स्थिति है।



ऐसे में आरक्षण नियमों के बदलाव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की बातें भी झूठी साबित हो रही है क्योंकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि जहां ओबीसी की जनसंख्या अधिक है वहां पंचायत स्तर एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में ओबीसी को लाभ दिया जाएगा लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने जो आरक्षण नियम राजपत्र में प्रकाशित कर प्रक्रिया निर्धारित की है उसमें ओबीसी को अलग से कोई आरक्षण का लाभ देने का उल्लेख नहीं है ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, नगरी निकायों में एससी-एसटी के लिए 50 प्रतिशत या उससे अधिक स्थान आरक्षित हो वहां पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं करने का उल्लेख प्रमाणित करता है।

### नगरीय निकाय में भी नुकसान

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों में भी 25% सीट ओबीसी के लिए आरक्षित की थी वर्तमान में जिस प्रकार से नगरीय निकायों के आरक्षण प्रक्रिया अपनाई गई वह भी पूर्ण रूप से दोषपूर्ण है क्योंकि आरक्षण प्रक्रिया को वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाकर किया गया है जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण की प्रक्रिया 2024 की पिछड़ा वर्ग आयोग के जनगणना के आधार पर किया गया है। इसी दोष पूर्ण प्रक्रिया के चलते वर्तमान में हुए नगरी निकाय के आरक्षण में कांकेर नगर पालिका में ओबीसी के पूर्व में पांच सीट पार्षद के आरक्षित थी जो वर्तमान में चार सीट हो गई है। इसी प्रकार अंतागढ़ नगर पंचायत में ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं हुई है यही हालत बस्तर सरगुजा सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में है।

# भामसं के श्रमिक संपर्क पखवाड़े का समापन



■ कार्यकर्ताओं ने मजदूरों से किया व्यापक संपर्क

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना के सत्तरहवीं वर्षगांठ पर सालभर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया है। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव श्रमिक संपर्क पखवाड़े को लेकर जिले सहित निकटवर्ती जिलों खैरागढ़ व मोहला-मानपुर में भामसं के जिला इकाईयों ने गांव-गांव, शहर-शहर घूमकर श्रमिकों से संपर्क किया, उनका हाल-चाल जाना, उनके दुःख-दर्द की पहचान की व ट्रेड यूनियन जगत में भारतीय मजदूर संघ के संघर्षो तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा एक पत्रक के माध्यम से रखा। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि संपर्क पखवाड़े के तहत राजनांदगांव जिले के सभी 9 मंडलों तथा खैरागढ़ व मोहला-मानपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में भामसं कार्यकर्ताओं ने मजदूरों से व्यापक संपर्क किया व कहा कि श्रमिक क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है। हॉल ही में देश में आयोजित जी-20 के तहत श्रमिक क्षेत्र में एल-20 का सफलतापूर्वक आयोजन कर विश्व में अपनी अन्तर्राष्ट्रीय बनाई तथा भारत में अपनी सशक्त उपस्थिति का एहसास सारे संसार को उजागर किया। समापन समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत घोघरे में शिविर लगाकर किया गया। इस दौरान निर्माण श्रमिकों के श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया। इस दौरान सरपंच कांता साहू, खिलेश्वर साहू, हेमंत साहू, नयनसिंह पटेल, मयाराम साहू, तीरथ विश्वकर्मा, हेमंत साहू, चेतनदास, नारद सिंह मंडावी, मुरली साहू, छत्रपाल देवांगन शामिल थे।

### विखं स्तरीय छग युवा कला उत्सव

**राजनांदगांव।** विकासखंड स्तरीय छग युवा कला उत्सव का आयोजन महाराष्ट्र मंडल राजनांदगांव में बीते दिनों संपन्न हुआ। जिसमें गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) राजनांदगांव के प्रतिभागी बच्चों ने अपना उत्कृट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाला के वरिष्ठ शिक्षक बीएस क्षत्री ने बताया कि 16 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय छग युवा कला उत्सव का आयोजन महाराष्ट्र मंडल बल्देवबाग राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री विद्या मंदिर से प्रभारी शिक्षिका वीणा स्वर्णकार के मार्गदर्शन में कशिश चंदेल एकल गायन, पुष्पांजलि निर्मलकर एकल नृत्य एवं रूपाली साहू कहानी लेखन ने अपनी-अपनी विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, संस्कृति प्रभारी हरीश गांधी, एकेडमी प्रभारी अमित उत्तलवार, प्रशासन अनिल बाजपेयी, प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य तामेश्वरी साहू एवं शिक्षकों ने बधाई दी।

# धमकी देकर गर्दन में चाकू टिकाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

युवक से गाली गलौच करते हुए धमकी देकर चाकू निकालकर डराने धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 दिसंबर को प्रार्थी गुलशन देवांगन उम्र 22 वर्ष साकिन मानव मंदिर चौक संजू मोबाईल के सामने का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 दिसंबर को रात्रि मानव मंदिर चौक संजू मोबाईल के सामने में आरोपी चितेश उपाध्याय निवासी



जमातपारा द्वारा बिना कारण के अश्लील गाली गलौच कर रहा था, जिसे गाली गलौच करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर बटनदार चाकू को निकाल कर इसके गर्दन में टिकाने लगा। बाहर खड़े लोग पकड़ने की कोशिश किया जो वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### धारदार चाकू जप्त

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी चितेश उपाध्याय उम्र 24 वर्ष साकिन गुरूद्वारा के पीछे जमातपारा को घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ पर अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी के कब्जे एक नग काले रंग का बटनदार धारदार चाकू जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित किया गया। आरोपी को 28 दिसंबर को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# रक्त की प्रत्येक बूंद जीवन का उपहार : मानिकपुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेटक्रॉस ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर रक्तदान एवं रक्त परीक्षण तथा प्रकृति परीक्षण अभियान किया गया। इस शिविर का आयोजन अभिलाषा ब्लड बैंक एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के सहयोग से किया गया।

रक्तदान शिविर के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि रक्त की प्रत्येक बूंद जीवन का उपहार है। लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्टोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन



की ज्यादा मात्रा हार्ट के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित होती है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसे ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने आगे लाने और जरूरतमंद की मदद हो सकेगी। आज राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान किया गया।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि रक्तदान महादान है। जिसमें व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पूर्ण कर सकता है। वह लोगों का जीवन बचा सकता है, रक्तदान एक ऐसा दान है, जो पुण्य के साथ-साथ जीवन में खुशहाली लेकर आता है और आपका दान किया गया रक्त किसी को जीवन का एक और मौका देता है। एक दिन वह कोई करीबी रिश्तेदार, दोस्त, प्रियजन या आप भी हो सकते हैं, इसलिए आज का यह शिविर इन गंभीर आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रत्येक युवाओं को जागरूक करने की दृष्टि से किया गया है।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.मनीष जैन, संजय अग्रवाल और आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है। साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। रक्तदान शिविर एवं प्रकृति परीक्षण अभियान में युवाओं में एक संदेश देगा।




# मानपुर के गांवों से 80 युवाओं का दल मुंबई व विशाखापटनम भ्रमण कर वापस लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

मानपुर 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नवागांव, सीतागांव, मदनवाड़ा, बसेली, डोमीकला, औंधी और मानपुर क्षेत्र के सुदूर गांवों के 80 युवक और युवतियों का दल मुंबई एवं विशाखापटनम के शैक्षिक भ्रमण उपरांत लौटा।

मानपुर में आईटीबीपी के कैम्प में एक विशेष फ्लैग इन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह शामिल थे। आईटीबीपी के 44वीं वाहिनी के कमांडेंट मुकेश कुमार धस्माना और मेजबान 27वीं वाहिनी के कमांडेंट विवेक कुमार पांडेय ने युवाओं से उनके अनुभव जाने।

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि सुदूर गांवों के युवाओं का मुंबई और विशाखापटनम भेजा गया, जो क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र मोहला-मानपुर से युवाओं को राष्ट्र के विविध क्षेत्रों में भ्रमण और इससे चीजें सीखने का अवसर दिया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। अब क्षेत्र से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त करने क्षेत्र की युवा पीढ़ी सजग और सतर्क है, जो विकास में अपनी भागीदारी के लिए प्रतिबद्धता दर्शा रही है।



### युवाओं में प्रतिभा

कमांडेंट विवेक कुमार पांडेय ने कहा कि मुंबई भेजे गए दल ने क्षेत्र के लिए पहली बार परंपरागत नृत्य और भाषण प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों छत्तीसगढ़, बलाघाट और ओडिशा के दलों की प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया है और यह दल नई दिल्ली के केंद्रीय कार्यक्रम के लिए चयनित कर लिया गया है, जो यह दर्शाता है कि इलाके के युवाओं में प्रतिभा कूट-कूटकर भरी है और आवश्यकता है इसे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उभारने की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

### विविध कार्यक्रम का आयोजन

ज्ञात हो कि पहले चरण में 4 से 10 दिसंबर मुंबई एवं दूसरे चरण में 6 से 12 दिसंबर तक विशाखापटनम का भ्रमण करवाया गया है। इन 6 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सभी युवाओं के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया। सभी कार्यक्रम देश की संस्कृति विविधता में एकता, भाषा, सांस्कृतिक लोकाचार, विभिन्न राज्यों में हुई तकनीकी और औद्योगिक प्रगति, वहां उपलब्ध विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों, कौशल विकास, शैक्षिक और रोजगार के बारे में जानकारी पर केंद्रित थे।

### अव्वल स्थान पर रहे

आदिवासी युवाओं को उनकी समृद्ध, पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक करने और उन्हें भावी पीढ़ी के लिए इसे संरक्षित करने में सक्षम बनाने तथा देश के अन्य हिस्सों में अपने सहकर्मी समूहों के साथ भावनात्मक संबंध विकसित करने और उनके आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं में मुंबई में भाषण प्रतियोगिता में प्रीति तन्मया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसका विषय देशभक्ति एवं राष्ट्र निर्माण था तथा सामूहिक नृत्य में भी मानपुर के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## सार समाचार

### शिक्षक समस्या निवारण शिविर में मिले 101 आवेदन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निर्देशानुसार शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंड मुख्यालयों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिसमें विकासखंड राजनांदगांव से 49, डोंगरगढ़ से 24, डोंगरगांव से 13, छुरिया से 15 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सेवा पुस्तिका संधारण, पासबुक संधारण, ऑनलाईन पोर्टल में अवकाश संधारण, समयमान वेतनमान एरियर्स, उच्च परीक्षा अनुमति संबंधी 101 आवेदन शामिल थे। राजनांदगांव से प्राप्त 36, डोंगरगढ़ से प्राप्त 9, डोंगरगांव से प्राप्त 4 एवं छुरिया से प्राप्त 5 आवेदनों का विकासखंड स्तर पर कुल 54 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण किया गया। जिला स्तर के आवेदन का निराकरण 7 दिवस के भीतर नियमानुसार जांच कर किया जाएगा तथा 47 आवेदनों को संयुक्त संचालक एवं लोक शिक्षण संचालनालय को निराकरण के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

### कबीर सत्संग समारोह एक से

**राजनांदगांव।** कबीर आश्रम सुरगी में आगामी एक से तीन जनवरी तक दोपहर 1 बजे से शाम पांच बजे तक सरगी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कबीर आश्रम नेपाल काठमांडू से मुख्य प्रवक्ता शिवम साहेब, बुरहानपुर आश्रम से बलबीर साहेब अपनी संत मंडली के साथ मौजूद रहेंगे।

### गोविंदपुर मड़ई का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** लाल बहादुर नगर क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर (पाथरी) में मड़ई-मेले का आयोजन 30 दिसंबर, सोमवार को रखा गया है। आयोजन को लेकर चोला राम साहू, कामता प्रसाद और देवानंद साहू ने बताया कि मड़ई-मेले की रात्रि में मनोरंजन के लिए लखनपुरी (चारामा) से रंग रसिया नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से मड़ई-मेले में शामिल होने की अपील की है।

### खुज्जी विधायक ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव।** खुज्जी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंगीटोला चिचोला में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोला के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि



खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। नवीन शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण फीता काटकर पट्टिका का अनावरण किया। साथ ही हॉस्पिटल का निरीक्षण किया।

श्री साहू ने हॉस्पिटल, नवीन भवन एवं स्वास्थ्य उपचार उपकरणों के उचित रख-रखाव के निर्देश दिए। साथ ही आगामी बजट में अस्पताल के मूलभूत सुविधाएं सड़क, बाउंड्रीवॉल बनवाने व एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान रामक्षत्रिय चंद्रवंशी, एमडी ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, चुम्मनलाल साहू, राजू सिन्हा, प्रताप धावड़े, अजय पटेल, एकनाथ सिन्हा, विनोद मंडलोई, डॉ. प्रकाश साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।

### मेहंदी प्रतियोगिता में मोनिका ने मारी बाजी

**राजनांदगांव।** ग्राम सुरगी के शा.उ.मा.शाला में गत दिनों मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं की बालिकाएं शामिल



हुईं। कार्यक्रम में प्राचार्य एनके साहू और व्याख्यातागणों में योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजली साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, देवेंद्र मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में मोनिका देवांगन 11वीं बायो प्रथम, द्वितीय जयश्री साहू कक्षा 11वीं बायो और तृतीय 11वीं गणित की छात्रा मोनिका पटेल रही। यह जानकारी व्याख्याता गीतांजलि साहू ने दी।

### 9 ग्रामों में 100 मेगावाट सोलर ऊर्जा संयंत्र स्थापित

**राजनांदगांव।** सोलर स्थापना के क्षेत्र में सोलर एनर्जी पावर कॉरपोरेशन देश की अग्रणी संस्था है एवं इनके द्वारा देश का पहला विशाल प्रोजेक्ट



राजनांदगांव जिले में 9ग्रामों में 452 एकड में 100MW सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की गई है। जिसके कुशल संचालन से राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। इस प्रकार के अन्य प्रोजेक्ट भविष्य में छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित किए जाने है। छत्तीसगढ़ राज्य मैं सोलर से विद्युत उत्पादन की अपार संभावनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी की संस्थान रायपुर के प्रोफेसरो की टीम छत्तीसगढ़ स्टेट पावर स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कवर के नेतृत्व में शनिवार को सोलर पावर स्टेबिलिटी की जांच एवं अनुसंथान हेतु संयुक्त रूप से राजनांदगांव जिले में स्थापित सोलर पावर कॉरपोरेशन द्वारा स्थापित सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन संयंत्र का निरीक्षण किया गया। पावर कंपनी की टीम में प्रबन्ध निदेशक भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक आरए पाठक, अधीक्षण अभियंता बिम्बिसार, राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता के सी खोटे, कार्यपालन अभियंता आर के गोस्वामी, नरेंद्र साहू एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की टीम में डॉ शुभ्रता गुप्ता, डॉ अनामिका यादव, डॉ सचिन जैन, डॉ स्वप्नजीत पटनायक, डॉ बैद्यनाथ बैग, डॉ डी सुरेश एवं डॉ रंजन कुमार शामिल रहे।

### सुरगी में सड़कों का डामरीकरण प्रारंभ

**राजनांदगांव।** हल्दी सुरगी कुम्हालोरी मार्ग से अर्जुंदा गुंडरदेही मार्ग पहुंचने



वाली यह सड़क मार्ग कई वर्षों से बदहाली खस्ताहाल की मार झेल रही थी। जर्जर सड़क पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया था। शनिवार को ग्राम सुरगी के मुख्य चौक पर डामरीकरण की पहली परत बिछाई जा रही है जिससे लोगों की चेहरो पर खुशी की लहर देखी गई।

## विस अध्यक्ष ने दिए निर्देश के बाद हरकत में क्रेडा के अफसर

# ऊर्जा पार्क में बंद पड़े संयंत्र की मरम्मत फिर शुरू होगा म्यूजिकल फाउण्टेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऊर्जा शिक्षा उद्यान में म्यूजिकल फाउण्टेन तथा पूर्व में स्थापित 50 किलो वॉट क्षमता के बंद पड़े सोलर ऑन ग्रिड संयंत्र को कार्यशील करने के लिए क्रेडा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर राजेश सिंह राणा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव एवं विभिन्न ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव के निरीक्षण के दौरान पूर्व में स्थापित 50 किलो वॉट क्षमता के बंद पड़े सोलर ऑन ग्रिड संयंत्र को कार्यशील करने, म्यूजिकल फाउण्टेन को पुनः नागरिकों के मनोरंजन के लिए मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए नवीन झूले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यायाम उपकरण एवं पार्क को आकर्षित बनाने के लिए रंग रोगन कार्य कराने कहा। इस दौरान उन्होंने क्रेडा जिला कार्यालय एवं जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर राजेश सिंह राणा ने राजनांदगांव प्रवास के दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन फेस-2 अंतर्गत ग्राम मलईडबरी, ग्राम तेली टोला (टप्पा) में स्थापित किये जा रहे सोलर ड्यूल पंपों के गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि संयंत्र कार्यशील है, परन्तु ग्राम के कुछ घरों तक पानी पहुंचने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर जिला प्रभारी को संयंत्र में त्वरित सुधार करवाने निर्देशित किया।



### अफसरो ने गांवों का किया निरीक्षण

इसके बाद ग्राम ढब्बा में सीएसपीडीसीएल एवं सेकी द्वारा स्थापित 150 मेगावाट सोलर पावर प्लांट एवं ग्राम डुंडेरा के शासकीय पीएम श्री शालाओं में नवीन स्थापित 2.4 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए स्थापित संयंत्र से बच्चों को दूर रखने एवं आवश्यक सावधानी रखने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर राजेश सिंह राणा ने सौर सुजला योजना अंतर्गत ग्राम सिंघोला में हितग्राही कृषक माधो राम साहू के खेत पहुंचकर खेत में सिंचाई कार्य हेतु स्थापित 3 एचपी क्षमता के सोलर पंप का निरीक्षण किया गया। किसान श्री माधोराम साहू ने बताया कि सोलर पंप को लगे 1 वर्ष हो गया है। इस वर्ष मुझे 2.5 एकड़ खेत में धान की अच्छी फसल मिलती है।

### वन चौपाल में किया गया पौधा का वितरण



**मोहला।** वन एवं पर्यावरण परिवर्तन विभाग, वनमंडल मोहला द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचने हेतु 9 से 20 दिसंबर तक वन चौपाल, पौधा वितरण, वन मितान जागृति एवं वन संगोष्ठी का आयोजन संपूर्ण मोहला जिला में कराया गया।

वन चौपालों का आयोजन 9 से 11 दिसंबर तक समस्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से किया गया। जिसमें ग्रामीणों को नवीन प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता 5500 रुपए से अवगत कराया गया तथा आगामी वर्ष में बूटा कटाई एवं अधिक से अधिक उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण करने पर जोर दिया गया। किसान वृक्ष मित्र योजना की भी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन 12 से 17 दिसंबर तक किया गया। जिसमें फलदार पौधे कटहल, नींबू, आम, मुंगा, जामुन आदि पौधों का रोपण ग्रामीणों द्वारा बाड़ी में किया गया। इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम पर लगाए गए पौधों की निदाई गुड़ाई भी में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक सहयोग दिया।

## नौकाविहार सुबह से रात तक

**राजनांदगांव।** नागरिकों के मनोरंजन के लिये नगर निगम द्वारा रानी सागर के पास चौपाटी व पुष्पवाटिका का निर्माण किया गया है, जहाँ नौका विहार की भी सुविधा है।



पूर्व में चौपाटी व पुष्पवाटिका का संचालन दोपहर के समय किया जाता था, लेकिन नागरिकों की सुविधा एवं ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर अब सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक चौपाटी व पुष्पवाटिका का संचालन किया जा रहा है। जहाँ नागरिक सुबह 11 बजे से दोनों उद्यान में घुमने के साथ साथ नौका विहार का आनंद ले सकेंगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि नागरिकों एवं बच्चों की सुविधा के लिये चौपाटी व पुष्पवाटिका में आवश्यक मरम्मत कर लाईट व रोप लाईट लगाया गया है। इसके अलावा 7 बोट चालू किया गया है, साथ ही इसके सफल संचालन के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि शीतकालीन अवकाश एवं आगामी नव वर्ष मे चौपाटी व पुष्पवाटिका तथा नौका विहार का लुप्त उठावे।

## गुटखा मांगने के विवाद पर चाकू बाजी, आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस की कार्यवाही
- नए बस स्टैण्ड के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नया बस स्टैण्ड के पास गुटखा मांगने के विवाद पर कल हुए चाकू बाजी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत 27 दिसंबर को प्रार्थियां रीतिका बांसफोड़ उम्र 22 वर्ष साकिन बालाजी चौक डब्ल्यु आर एस कॉलोनी रायपुर थाना खमतराई जिला रायपुर की थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी



कि नया बस स्टैण्ड में स्वीपर मोहल्ला के पास दीपक तिवारी का पान ठेला है, जहां कल 26 दिसंबर को इसका भाई कृष्णा बांसफोड़ उधारी में गुटखा मांगा जो उधारी में देने से मना करने पर दोनों के बीच बहस हुआ था। पुलिस के अनुसार 27 दिसंबर को 3 बजे दीपक तिवारी अपने पान ठेला में ड्रिंक कर रहा था, जिसे इसका भाई कृष्णा बांसफोड़ देखकर हमारे मोहल्ले में ठेला खोलकर ड्रिंक कर रहा है, बोलने पर दीपक तिवारी अपने भाई आशीष तिवारी को बुला लिया और कल हुए बहस को लेकर बांस के डण्डा से मारते हुए घसीटकर सुलभ के पास ले गया, और जान से मारने की नियत से दीपक तिवारी ने चाकूसे इसके भाई कृष्णा के पेट में मारकर प्राणघातक हमला किया। कृष्णा बांसफोड़ को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री में भर्ती कराना बतायी। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में मुखबीर की सूचना पर आरोपी दीपक तिवारी राम नगर मोतीपुर, आशीष तिवारी उम्र 30 वर्ष साकिन राम नगर मोतीपुर को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार चाकू एवं बांस का डण्डा तथा एक स्कूटी को पेश करने पर जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने दी मौन श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छबडा. के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत के 13 प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस जनों ने गहरा शोक जताते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। कांग्रेस जनों द्वारा डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने शहर के कांग्रेस भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने उनके कार्यकाल और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला।



### देश की अर्थ व्यवस्था को किया मजबूत

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने पूरे देश के अर्थव्यवस्था को ठीक किया, उनके निधन से अपूर्णी क्षति हुई है। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ऐसे प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था पर काम किया, जनता को मनरेगा, सूचना का अधिकार, आधार कार्ड, भोजन का अधिकार दिया।

### तैलचित्र पर श्रद्धासुमन

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की आत्मा शांति के लिए कांग्रेस जनों ने उन्हे मौन श्रध्दांजलि अर्पित की, इस दौरान स्व.मनमोहन सिंह के तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, श्री किशन खंडेलवाल, शारदा तिवारी, मेहुल मारू, माया शर्मा, कमलजीत सिंह पिंटू, रूपेश दुबे, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन 16 जनवरी तक

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 जनवरी तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 दिसम्बर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 31 दिसम्बर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में व गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरी नगर में एवं 2 जनवरी को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी. मिल के पास में, ठा. प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है।

## फार्म हाऊस के कमरे से नगदी सहित मोबाइल की चोरी

**राजनांदगांव।** फार्म हाऊस के कमरे में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने नगदी रकम सहित मोबाईल चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भालूकोन्हा में स्थित नंदू कृषि फार्म में 25 दिसंबर को अज्ञात चोर ने प्रवेश कर यहां स्थित कमरे में रखे नगदी रकम 70 हजार रुपए एवं एक मोबाईल को चोरी कर लिया वहीं कमरे के सामानों को अस्त व्यस्त कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी नंदू बर्मन ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## बिलासपुर और राजनांदगांव के बीच फाइनल आज

# हाकी लीग से खिलाड़ियों को मिली ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर बालक वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमे बिलासपुर खेलो इंडिया एवं राजनांदगाँव खेलो इंडिया ने मैच जीतकर फाइनल मे अपनी जगह सुनिश्चित की। खेले गए सेमिफाइनल मैच मे मुख्यअतिथि के रूप मे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने की।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन मे कहा की खेलों से व्यक्तित्व और अनुशासन निखरता है। छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने फाइनल मे पहुंचने वाली टीम खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर एवं राजनांदगाँव को बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ट



अतिथि के रूप में राजनांदगाँव रनर्स ग्रुप के सदस्य मुरली खंडेलवाल, चंद्रभूषण गायधने, निकेत जैन, जीतेन्द्र शर्मा, लोकेश अग्रवाल,जयेश कोठारी, समाज सेवी अविनाश शर्मा, शंकर खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल, पंकज खंडेलवाल,ललित जैन तथा डॉ सुरभि महोबे उपस्थित रहे। रनर्स ग्रुप के सदस्य उमेश करिककवार के द्वारा लेह लद्दाख मे अल्ट्रा मैराथन को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए सम्मान किया गया। साथ ही तौफीक अहमद एवं सुखदेव निर्मलकर को वन विभाग में, तरुण यादव को भारतीय रेलवे मे तथा दीपेश चौबे को कस्टम पुणे मे अधिकारी के रूप मे नियुक्ति होने पर सम्मानित किया गया। साथ ही मार्च पास्ट इंस्ट्रक्टर चंद्रहास साहू एवं कैडेट चन्दन जांगडे को भी सम्मानित किया गया।

दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह को उनके खेल के प्रति विशेष योगदान के लिए रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के फाइनल मैच के दरमियान सम्मान किया गया।

### आज के फाइनल मैच

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर विरुद्ध खेलो इंडिया राजनांदगाँव के मध्य दोपहर 3 बजे खेला जाएगा।

### खेलो इंडिया ने जीता मैच

पहला सेमीफाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर आ विरुद्ध खेलो इंडिया सेंटर ब के मध्य खेला गया। खेलो इंडिया आ न अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 5-0 गोल से जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव विरुद्ध डीएचए राजनांदगांव के मध्य खेला गया डीएचए राजनांदगांव को 5-3 गोल से पराजित करते हुए फ़ाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ़ द मैच का पुरुस्कार बिलासपुर टीम के नीरज को प्रदान किया गया।

### एसईसीएल बेस्ट दर्शक अवार्ड

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग मे हॉकी नर्सरी के खेल प्रेमी जनता के सम्मान में प्रत्येक दिन एसईसीएल बेस्ट दर्शक का अवार्ड भी प्रदान किया जा रहा है जिसके तहत टूर्नामेंट के सातवे दिन यह अवार्ड हॉकी खेल प्रेमी दर्शक बांसपईपारा के मधुकर सावरिया को प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ संपन्न, भक्तों ने किया कथा रसपान



**हरिभूमि कवर्धा।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 22 से 28 दिसम्बर तक आयोजित किया गया। जिसमें 22 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा एवं बैठकी, 23 दिसम्बर को श्री कपिल चरित्र, 24 दिसम्बर श्री ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र, 25 दिसम्बर श्रीराम, कृष्णावतार, 26 दिसम्बर को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, 27 दिसम्बर को गोपियों के साथ रासलीला, श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह की संगीतमय बहुत ही सुन्दर कथा सुनाई गई श्रद्धालु श्रोता भक्ति-भाव में डूब गए थे। वहीं 28 दिसम्बर को श्री सुदामा चरित्र, श्री भागवत तत्व उपदेश की कथा होगी कथा-व्यास श्रीमानस पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामललाचार्य महाराज श्री मानस पीठ खजूरीताल जिला मैहर मध्यप्रदेश द्वारा कथा रसपान कराया गया। वहीं आयोजक शिवकुमार चन्द्रवंशी, अर्जुनराम चंद्रवंशी (व्याख्याता), दिलीप चन्द्रवंशी (व्याख्याता) साथ ही साथ मुख्य यजमान श्रीमती गोमती विनोद चन्द्रवंशी, सत्यभामा राजेश चंद्रवंशी, दिनेश, डॉ प्रभाकर, प्रशांत, यज्ञ, अनंतराम, मुकेश कुमार, लक्ष्मण, चोलमनी, विनोद, संदीप, सुशील एवं समस्त चन्द्रवंशी परिवार तथा ग्राम पालीगुड़ा के भक्त साथ ही साथ श्रद्धालु जन उपस्थित थें।

### श्रद्धा व विश्वास के घनीभूत स्वरूप हैं माता पार्वती व भगवान शिवः कुलदीप पाण्डेय



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचातय पाण्डातराई में गुप्ता धर्मशाला में आयोजित सप्त दिवसीय शिव महापुराण के तृतीय दिवस पर शिव एवं पार्वती विवाह की कथा सुनाई। जिसमें लोक विख्यात संत पं सुधांशु महराज के प्रिय शिष्य कुलदीप पाण्डेय ने विश्व जागृति मिशन के केंद्रीय मुख्यालय आनंदधाम आश्रम दिल्ली से पधारे कथा व्यास श्री पाण्डेय ने कथा के दौरान उपस्थित सज्जनों एवं मातृशक्तियों को बताया कि हमारा मन ही बन्धन का कारण है, मन को बंधनों से मुक्त करना ही वास्तविक मुक्त होना है। यदि हम मानसिक रूप से प्रबल होते हैं तो ब्रम्हाण्ड की सभी दैवीय शक्तियां हमारा साथ देती हैं। यही कार्य योगेश्वर श्री कृष्ण ने किया फलस्वरूप अर्जुन विजयी हुआ। शिवलिंग की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति रूपी योनि में शिव (पिंडी) अडिग और निश्चल रहता है, प्रकृति में न लिप्त है और न लीन इसीलिए पूजित होता है। यदि हम भी समाज में सम्मान पाना चाहते हैं तो देह स्तर से ऊपर उठना पड़ेगा, अपनी चिंतन और ज्ञान को व्यापक बनाना होगा। शिव-पार्वती विवाह की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि शिव ने विवाह भी देवताओं को तारकासुर से मुक्त करने के लिए किया। शिव के गृहस्थी से सबको सीखना चाहिए कि सच्चा सुख संग्रह वृत्ति में नहीं वरन निवृत्ति में सन्निहित है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी रघुनंदन गुप्ता ने जानकारी दी कि सोमवती अमावस्या दिन सोमवार 30 दिसम्बर को प्रातःकालीन सत्र समय प्रातः 8 से 10 बजे तक ही यह कथा चलेगी एवं हवन उपरान्त पूर्णाहुति होगी।

### व्हील चेयर मिलने से दिव्यांग छात्र के चेहरे खुशी से खिल उठे



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला मानिकचौरी के दिव्यांग छात्र को व्हील चेयर प्रदान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा व सीईओ अजय त्रिपाठी एवं डीएमसी के मार्गदर्शन में बीईओ संजय जायसवाल, बीआरसी केशलाल साहू द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत कार्यालय खंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा कवर्धा विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक मानिकचौरी के कक्षा दूसरी की छात्र जयराम यादव पिता गणेश राम यादव को व्हील चेयर प्रदान किया गया वहीं छात्र को व्हील चेयर मिलने से दिव्यांग छात्र के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## सीसी रोड व चौक निर्माण के लिए मिली 1 करोड़ 78 लाख की सौगात

# हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइट से जगमगाएगा नपं इंदौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पंडरिया विधानसभा के नगर पंचायत इंदौरी में अधोसंरचना विकास के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति मिली है। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के लगातार प्रयासों से क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं से लेकर सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण, पुल-पुलिया व चौक-चौराहों के निर्माण जैसे विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। वहीं शनिवार को नगर पंचायत इंदौरी में भी सीसी रोड, चौक निर्माण एवं हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात मिली है।

वहीं नगर पंचायत पाण्डातराई में 34 लाख 4 हजार एवं नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 49 लाख 37 हजार रुपए की लागत से अधोसंरचना विकास हेतु स्वीकृति मिली है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य हेतु लगातार स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

इन विकास कार्यो से जहां आम नागरिको को लाभ मिल रहा है तो वहीं अधोसंरचना विकास के कार्यो से जनता की सुरक्षा, सुविधा एवं मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो रही है। शनिवार को नगर पंचायत इंदौरी में भी नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के तहत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत सीसी रोड निर्माण, चौक-चौराहों का निर्माण सहित क्षेत्र के प्रमुख स्थानों व सड़को में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट व स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता के साथ एवं पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यो की सौगात जनता को मिल रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया।




### अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से चल रहें : विधायक

विधायक बोहरा ने बताया कि नगर पंचायत इंदौरी के साथ ही नगर पंचायत पाण्डातराई में भी अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से चल रहें हैं। नगर पंचायत पाण्डातराई हेतु अधोसंरचना मद के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत 1 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि में पूर्व में 1 करोड़ 11 लाख 9 हजार रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और आज सोलर हाई मास्ट लाईट, शेड निर्माण व अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु कुल 6 कार्यों के लिए 34 लाख 4 हजार रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु अधोसंरचना मद के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत 3 करोड़ रुपए की अनुदान राशि में से 2 करोड़ 35 लाख 63 हजार रुपए की स्वीकृति पूर्व में प्रदान की जा चुकी थी और आज आहता निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच जैसे 6 विकास कार्यों के लिए 49 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

### मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु करोड़ों की मिली सौंगात

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से एक वर्ष में ही पंडरिया विधानसभा एवं पूरे प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो या किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना हो, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर, आदिवासी समाज के कल्याण के लिए शासकीय योजनाओं का संचालन आज जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी अब तक सड़क निर्माण, अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु करोड़ों की सौंगात आम नागरिकों को मिल रही है। जिस विश्वास के साथ जनता ने भाजपा को प्रदेश की जिम्मेदारी दी है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा उसे पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए हमारी सरकार जनहित के विषयों, योजनाओं का सफल क्रियान्वयन एवं हमारे ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्रों में भी विकास कार्यो को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी यह कार्य निरन्तर जारी रहेंगे।



## डबराभाट में मितानिन महतारी वंदन सम्मान व सुशासन दिवस पर मितानिनों का किया सम्मान

■ मितानिनों को श्रीफल और तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत डबराभाट में मितानिन व महतारी वंदन सम्मान तथा सुशासन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी वार्ड के मितानिनों को श्रीफल और तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया गया साथ ही साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया। इस कार्यक्रम में उपसरपंच श्रीमती अजुल केशकर, सचिव श्रीमती कृति जायसवाल, कार्यक्रम रोपण अधिकारी रामानुज वर्मा के हाथों मितानिनों व महतारी वंदन सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड के पंच ने भी अपने-अपने क्षेत्र की मितानिनों व महतारी वंदन का सम्मान किया और उनके कार्यो कि सराहना की गई, उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के रीड़ की हड्डी हमारी मितानिन बहने हैं। जिनके बिना घर-घर पहुंच पाना संभव नहीं है, मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हुए समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहायता प्रदान की है। जिसके चलते उनका योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। मितानिनों के इस सम्मान समारोह में उनके उत्साह और प्रेरणा को देखा गया, क्योंकि उन्होंने अपने कार्यो के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाया है। मितानिन दिवस के इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि मितानिनों का काम सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का काम भी करता है। इस कार्यक्रम में मितानीन उर्मिला टंडन, अमेरिका लहरे, मिथिला, पूजा बघेल, सीता मोहले, मोतीराम कोसले, सरपंच प्रतिनिधि विजय धुर्वे, लक्की केशकर, सुरेंद्र मोहले, बिंदा सिंह चौहान, ईश्वर कोसले, अनुज बघेल, रामजी व जेठू मोहले सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## क्षेत्र में 10-15 रुपए मिल रहा टमाटर रसोई घर की बजट में आई रौनक



**हरिभूमि बरबसपुर।** पिछले दो दिनो से मौसम की उतार-चढ़ाव के चलते टमाटर की भाव में तेजी से गिरावट आ गई है, जिनके कारण टमाटर गांव-गांव व हाट बाजार में 10 से 15 रूपए प्रति किलो ग्राम से बिक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टमाटर की भाव 50 से 60 रूपए तक बिक रहा था जिससे घरेलू बजट से टमाटर की ऊंची भाव होने के कारण घर की बजट बिगड़ गई थी। लेकिन वर्तमान में मौसम में उथल पुथल होने तथा लोकल टमाटर की आवक हाट बाजार में आ जाने से टमाटर की भाव 10 से 15 रूपए प्रति किलो ग्राम में बिक रहे हैं जिससे घरों की बजट तथा रसोई घर की बजट में रौनक आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार सब्जियों का राजा टमाटर को कहा जाता है टमाटर के बिना सब्जी अधूरा होता है इसलिए हर घर में टमाटर की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए टमाटर के बिना साग-सब्जी अधूरा होता है और स्वादिष्ट भी होता है इसलिए टमाटर सब्जियों का राजा कहा जाता है वैसे टमाटर की चटनी छत्तीसगढ़ी में प्रसिद्ध है साथ ही साथ चटनी बासी के नाम से जाना जाता है और वही हरा मिर्ची व धनिया तथा मेथी भी 5 रूपए में खरीद कर घर मे ला रहे हैं जिसे रसोई घर की बजट में रौनक आ गई है।

## हाई स्कूल को हायर सेकंडरी में उन्नयन किए जाने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में हाई स्कूल तो खुल गया है, लेकिन अभी तक हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं हो सका, जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि कई बार शिकवा शिकायत कर शासन प्रशासन से लगातार मांग करते आ रहे हैं कि ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल को हाई सेकेंडरी में उन्नयन किया जाए, अभी हाई स्कूल में 117 अध्ययनरत छात्र-छात्राओं पढ़ाई लिखाई कर रहा है, लेकिन अभी तक हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नत नहीं हुआ है, जिसके लिए लगातार मांग करते आ रहे हैं। वहीं पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में भी मांग किया गया था और अभी वर्तमान में भाजपा शासन के आने के बाद एक बार फिर से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि छात्र-छात्राओं को हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया जाए की मांग लगातार करता आ रहा है ताकि गांव के छात्र-छात्राओं गांव में ही पढ़ सके, बाहर जाने के लिए खास करके छात्राओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है तब जाकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक पढ़ पाता है नहीं तो कई पालक छात्राओं को कक्षा दसवीं पास करने के बाद मजबूरन में पढ़ाई बंद करना पड़ता है, क्योंकि बाहर जाने के लिए आसपास 7 किलोमीटर की दूरी पर हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। जिसमें कुण्डा, कंझेटा वालों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। जिस पर शासन प्रशासन से मांग करते हुए ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया जाए ताकि गांव में छात्र छात्राओं को शिक्षा सुविधा मिल सकें।

## सीनियर सिटीजन समिति ने आयोजित की स्वास्थ्य जांच शिविर



**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्ट्रेट परिषर स्थित सियान जतन में सीनियर सिटीजन समिति द्वारा विगत दिनों 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जांच शिविर संपन्न किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज, एवं स्वास्थ्य विभाग से ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी की सलाह से 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का रक्तचाप-रक्त में शर्करा, क्षय रोग, कुष्ठ रोग की जांच की गई एवं आंखों की जांच कर सलाह दी गई। उक्त शिविर में क्षय रोग की जांच हेतु प्रभारी आनंद दास महंत के साथ मोहन साहू, निलेश टाडेकर एवं नितिन सोनी, कुष्ठ रोग जांच हेतु प्रभारी आरएस मरावी एवं दिनेश तिवारी आंखों की जांच हेतु मनीष जाय, रक्त जांच एवं शुगर की जांच हेतु उज्जैन साहू, स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सदन जांच हेतु सहयोगी परमेश्वर यादव एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिला परियोजना प्रबंधक सैयद असलम अली, वाहिद खान एवं अमरीन निशा ने बड़ी ही लगन शीलता से जांच कार्य संपन्न किया। इस शिविर को सफल बनाने में सीनियर सिटीजन समिति अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चंद्रहास राजपूत, कोषाध्यक्ष बलदाऊ प्रसाद सोनी, वरिष्ठ सदस्य प्रकाश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार पाण्डेय, आदित्य श्रीवास्तव, डॉ एनके यद्धु, डॉ आरके भुआर्य सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

हरिभूमि पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## क्षेत्र में बूंदाबांदी होने से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पिछले दिनों से मौसम का उतार-चढ़ाव व क्षेत्र में बूंदाबांदी होने से ग्रामीण किसानों की चिंता और बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में अरहर फसल खेतो में परिपक्व व तैयार हो चुके है। वहीं खेतों में अरहर के पौधे में फल व फूल से अरहर फसल लहलहा रही है। वहीं क्षेत्र में बूंदाबांदी व हल्की तेज आंधी तुफान से अरहर की फसल को लेकर किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहें है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान अरहर फसल को लेकर चिंतित व परेशान नजर आ रहें है। वहीं अरहर फसल की भारी संभावना बनी हुई है। ग्रामीण किसानों का मानना है कि अरहर की फसल खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं फल व फुल निकल आए हैं यदि मौसम में उचार चढ़ाव अधिक तथा बारिश होने की संभावना होगा तो अरहर के फूल व फलों पर बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त तथा गहरा प्रभाव एवं नुकसान के साथ किसानों को भारी हानि होने की चिंता सताने लगी है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**मौसम : कवर्धा में तेज हवा, पंडरिया क्षेत्र में झमाझम बारिश**

# क्या गुल खिलाएगा बिगड़ैल मौसम अंचल के किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते कई दिनो से अंचल के मौसम में मची उथल पुथल क्या गुल खिलाना चाहता है समझ से परे है। लेकिन कवर्धा सहित अंचल के मौसम का जो मिजाज दिखाई दे रहा है उसने किसानो की चिंता बढ़ा दी है। गौरतलब है कि बीते कई दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में उथल पुथल मची हुई है।

स्थिति ये है कि आसमान में दिन-दिनभर बदली छाई रहती है। दिसम्बर माह के अंत में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड लगभग गायब सी हो चुकी है। वहीं अगर शनिवार की बात की जाए तो शनिवार को भी सुबह से ही कवर्धा सहित अंचल के आसमान में दिनभर बदली छाई रही। दोपहर बाद अचानक तेज हवा के साथ हल्की बूंदा बांदी भी शुरू हो गई। वहीं अगर जिले के पंडरिया क्षेत्र की बात की जाए तो यहां वनांचल ईलाकों से निकलकर आई खबर के मुताबिक शनिवार की दोपहर बाद यहां कई ईलाकों में करीब आधा घंटा तक झमाझम बारिश हुई है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो अंचल के किसानो के खेत में रबि फसल चना, गेंहू, मटर, अरहर, सरसो सहित दूसरी तलहन फसले लगी हुई है।

यही वजह है कि मौसम के मिजाज को देखते हुए किसानो की चिंता बढ़ी हुई है। माना जा रहा है कि ऐसे में अगर बेमौसम बारिश अथवा कवर्धा क्षेत्र के मौसम की तासीर को देखते हुए ओला वृष्टि होती है तो किसानो को भारी नुकसान हो सकता है। इसके अलावा रबि फसल के अलावा सब्जी उत्पादक किसानो के खेतों में भी फसल खड़ी हुई जिसे मौसम से खतरा बना हुआ है। इन सबके अलावा इस समय किसान गन्ना कटाई और धान परिवहन के कार्य में भी व्यस्त है।

माना जा रहा है कि अगर इन हालातों में मौसम ने मुंह मोड़ा और बारिश की स्थिति निर्मित होती है तो किसानो के कई कामकाज चौपट हो जाएंगे और उनकी परेशानियां बढ़ जाएंगी। यही वजह है कि किसानो के माथे पर मौसम को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही है।

**धान खरीदी केन्द्रों में असुरक्षित पड़ा लाखों क्विंटल धान**



दूसरी तरफ जिले में इन दिनो समर्थन मूल्य में धान खरीदी भी चल रही है। गत 14 नवम्बर से प्रारंभ समर्थन मूल्य धान खरीदी के बीच उठाव के आभाव में इस समय जिले की सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में लाखों क्विंटल धान असुरक्षित ढंग से पड़ा है। ऐसे में अगर बेमौसम बारिश होती है तो निश्चित ही धान खरीदी केन्द्रों में रखा यह धान बारिश में प्रभावित होगा। हालांकि सरकारी खजाने से राशि निकाल की समर्थन मूल्य में खरीदे गए इस करोड़ों के धान को लेकर किसी को चिंता नहीं है। क्योंकि अगर वास्तव में शासन-प्रशासन को इस धान कि चिंता होती तो अब तक समर्थन मूल्य में खरीदे गए इस धान को सुरक्षित रखवा दिया जाता।

**पंडरिया के वनांचल में करीब आधा घंटा तक झमाझम बारिश**

अंचल के इस बनते बिगड़ते मौसम के बीच जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में शनिवार को झमाझम बारिश देखने को मिली। बताया जाता है कि इस बेमौसम बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी क्षेत्र में संचालित धान खरीदी केन्द्र देखने को मिली। यहां बारिश होने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। समिति प्रबंधकों द्वारा जैसे तैसे केन्द्रों में भरे पड़े धान को बारिश में भीगने से बचाने के इंतजाम किए गए लेकिन धान की मात्रा के आगे ये इंतजाम नकाफी साबित हुए और धान बारिश में भीग गया।

# वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई की



- वनभूमि में कब्जा कर चलाया जा रहा था ढाबा और हॉटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन मण्डलाधिकरी कवर्धा के आदेश एवं उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन में उड़नदस्ता दल कवर्धा एवं वन परिक्षेत्र कवर्धा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त समिति ने वनभूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही की है। विभागीय जानकारी के मुताबिक कवर्धा परिक्षेत्र के सरोधा सर्किल अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 109 स्थित वन भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा व अतिक्रमण कर तथा झोपड़ी का निर्माण कर ढाबा, चाय एवं नास्ता की दुकान का संचालन किया जा रहा था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद हरकत में आए वन विभाग के अधिकारियों ने एक टीम गठित की और गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर 3 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही की गयी। वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा ने बताया कि सरोधा सर्किल में सरोधा बांध के पहुंच मार्ग पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर ढाबा, चाय एवं नास्ता दुकान संचालित किया जा रहा था जिस पर कार्यवाही करते हुए 3 अतिक्रमणकारियों को वन क्षेत्र बाहर किया गया है। 2 दुकान संचालक के द्वारा 2 दिन के अंदर अपने से झोपड़ी खाली करने का समय मांगा गया है। उन्होने बताया कि नियत समय में उक्त स्थान रिक्त नहीं करने पर पुनः बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### बेमौसम बारिस से आगर नदी में आई बाढ़

**कवर्धा।** शनिवार को दोपहर अचानक बदले मौसम के बीच पंडरिया विकास के वनांचल ग्रामों में हुई करीब आधा घंटा की झमाझम बारिश के चलते वनांचल से बहने वाली आगर नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। बाढ़ के चलते ग्राम आगरपानी में नदी के ऊपर बनी पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा। जिसे चलते स्थानीय ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं वनांचल में हुई बेमौसम बारिश के बाद ठंड ने भी जोर पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की सुबह तक आसमान में बदली छाई रहने के कारण ठंड का असर समान्य था लेकिन दोपहर बाद बारिश होने के साथ ही अचानक ठंड बढ़ गई है।

### शांति भंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** थाना कवर्धा क्षेत्र के विद्यानगर में शुक्रवार को शांति भंग करने और संज्ञेय अपराध की आशंका के चलते पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। ज्ञात हो कि प्रार्थिया विद्यानगर निवासी संगीता ठाकुर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अटल आवास घुघरी कला निवासी संतोषी बिछिया 35 वर्षीय, संजय बिछिया 35 वर्षीय और विद्यानगर निवासी मनीषा यादव 26 वर्षीय उन्हें आए दिन परेशान करते थे। घटना के दिन विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट की नौबत आ गई। स्थानीय लोगों के समझाने पर भी आरोपित शांत नहीं हुए और शांति भंग करते रहे। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की और तीनों को गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी विवाद या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### कोदो, कुटकी व रागी का क्रय प्रारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार वर्ष 2024-25 में गुणवत्तायुक्त कोदो, कुटकी व रागी का क्रय प्रारंभ हो चुकी है। लघु वनोपज संघ द्वारा कबीरधाम जिला अंतर्गत जिला यूनियन कवर्धा द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के 46 हाट बाजार केन्द्रों में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से कोदो, कुटकी व रागी क्रय किया जा रहा है। कृषक इन केन्द्रों में 15 फरवरी 2025 तक विक्रय कर सकते हैं। शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने लगेगा विशेष शिविर

## 3 और 4 जनवरी को शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में छूटे हुए नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 3 और 4 जनवरी 2025 को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार कर ली गई है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचना चाहिए और कोई भी इससे वंचित न रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग), मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), सीडीपीओ, बीएमओ, सीएमओ (नगर पंचायत), बीपीएम, पीआरपी (एनआरएलएम) और खंड स्तरीय चिकित्सा विभाग के योजना प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजना के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और सभी पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 से 30 दिसंबर 2024 तक 1 लाख 61 हजार 587 छूटे हुए हितग्राहियों की ग्रामवार पीडीएफ सूची डाउनलोड कर ग्रामवार वितरण किया जाएगा। सभी खंड चिकित्सा, बीपीएम अधिकारी 29 दिसंबर तक ग्रामवार सूची को प्रिंट कराएंगे और जिला, विकासखंड मितानिन समन्वयक के माध्यम से 30 दिसंबर तक वितरण करेंगे। डीपीसी द्वारा ग्रामवार विकासखंडवार खंडचिकित्सा अधिकारी को पीडीएफ कॉपी 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी। 30 दिसंबर 2024 को सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ के द्वारा रोजगार सहायक और सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के लिए सीईओ जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के लिए सीएमओ विहित प्राधिकारी होंगे। ग्राम रोजगार सहायक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण जनपद पंचायतवार नामांकित कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विकासखंड महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मितानिन समन्वयक के समन्वय से दक्ष सदस्यों का चिन्हांकन किया जाएगा।

# हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी को मिला इंटरनेशनल यूथ आइकॉन अवार्ड

- शिक्षा, संस्कृति व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी रमेश कुमार चन्द्रवंशी को इंटरनेशनल यूथ आइकॉन अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा इंटरनेशनल एक्रेडिएशन फोरम से पंजीकृत संस्थान डब्ल्यूएसी (वंडर, अमेजिंग, क्रिएटिव) बुक ऑफ रिकॉर्ड इंटरनेशनल पुणे महाराष्ट्र द्वारा सम्मानित किया गया है।

शिक्षा, संस्कृति तथा सामाजिक व्यवस्था को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, योगदान व सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। इससे पहले भी वे कई बड़े पुरस्कार एवं उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं, जिसमें प्रमुख रूप से एक ही विश्वविद्यालय से बारह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए उनका नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज है। अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक पुरस्कार, बेस्ट टीचर व इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं। साथ ही राज्यपाल पुरस्कार अर्थात राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए भी चयनित हुए हैं। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हैं।

उनके इस उपलब्धि पर केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, राजकिरण चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, उमेश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, नरेंद्र चंद्रोल, चिन्ताराम पटेल, रामसिंह साहू, पन्ना लोधी, नकुल वर्मा सहित संघ पदाधिकारियों, मित्रगणों तथा शुभिचिंतकों ने बधाई दिया है।

# सीनियर सिटीजन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा 28 दिसम्बर को सियान जतन में एक शोक सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा में प्रदेश प्रतिनिधि इंजीनियर श्याम सुंदर जैन ने स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने ही नहीं विश्व ने एक महान अर्थशास्त्री खो दिया। उन्होने बताया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर पद पर भी सेवाएं दी, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री का पद संभालते हुए जब देश आर्थिक विपन्नता की स्थिति में था। शा स की य सेवकों को वेतन देने के लिए भी पैसा नहीं था तब देश को आर्थिक विपन्नता की स्थिति से डॉ. मनमोहन ने देश को उबरा। जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी से जूझ रहा था तब उन्होंने भारत में मंदी की कोई भी आंच नहीं आने दी। विश्व उनकी आर्थिक नीतियों को मानता था। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मोहन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आम के पेड़ में अभी आ गए बौर...



**स.लोहारा।** भले ही आम की फसल आने में अभी काफी वक्त है लेकिन सहसपुर लोहारा के ग्राम मोहगांव के किसान महेश चंद्रवंशी के फार्म हाउस के आम के पौधों में बौर नजर आने लगे हैं।

**जैन समाज के पदाधिकारियों ने विधायक का किया सम्मान**

# जैन मुनी जनो से विधायक भावना ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया की विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने शनिवार को जैन मंदिर में गुरु भगवंतों के दर्शन वंदन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विनय कुशल मुनि मसा, विराग मुनि महाराज साहेब ने विधायक को निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा के लिए प्रेरित किया। जैन समाज के अध्यक्ष हरीश जैन द्वारा गुरु भगवंतों को जानकारी दी की श्रीमती भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में कोरोना काल से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा कार्य कर लोगों लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके प्रतिफल स्वरूप लोगों ने उन्हें विधायक बनाया और उसके बाद से वे लगातार सेवा कार्य कर तथा क्षेत्र में विकास कार्य करा रही है। इसके पूर्व विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भीखमचंद विजय कुमार जैन की पुत्रवधू श्रीमती वीणा प्रणय जैन के सीए बनने पर उन्हें बधाई देने पहुंची और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जैन समाज के अध्यक्ष हरीश जैन, उपाध्यक्ष भीखम चंद जैन, सचिव शिखर जैन, दीपक जैन विजय जैन, जितेन्द्र जैन के अलावा महिला मंडल की श्रीमती नगीना देवी, लीला देवी, ममता जैन ने विधायक भावना बोहरा का एक सादे समारोह में सम्मान भी किया।

# होली किंगडम स्कूल के होनहार छात्रों का विभिन्न शासकीय पदों पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





नगर में संचालित होली किंगडम स्कूल के होनहार प्रतिभाशाली विद्यार्थी विनायक तिवारी ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में 52 वां रैंक हासिल कर जिला सेनानी के पद पर प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है। विनायक तिवारी के चयन से उनके परिवार एवं विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे शहर में हर्षोल्लास का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि स्कूल प्रबंधन ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। इसी प्रकार होली किंगडम के ही छात्र स्वप्निल दिवान आईबीपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में जूनियर एसोसियट के पद पर चयन हुए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में अनिकेत सिंह ठाकुर का प्रथम प्रयास में ही छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के सब इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ था। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इन सभी छात्रों का प्रारंभिक विद्यालयन अध्ययन कार्य नर्सरी से के कक्षा 12 वी तक नगर के होली किंगडम में हुआ है। चयनित हुए विद्यार्थियों ने बताया कि हमारे प्रेरणा का प्रमुख स्त्रोत हमारे विद्यालय के निर्देशक तथा प्राचार्य पास्टर जोश थामस एवं सह निर्देशिका लिजी थामस का विशेष मार्ग दर्शन रहा। जिन्होंने हमे सफलता के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इससे पूर्व भी विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में जिले के प्रथम आईपीएस अधिकारी आकाश जैन, महिमा पट्टाबी डीएसपी, भूमिका देसाई असिस्टेन्ट डारेक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सिद्धार्थ जैन एमबीबीएस एमडी मेडिसिन डीआर, डॉ. विनीता माहेश्वरी, डॉ. वरुण लुनिया, सार्थक खुराना जैसे अनेको विद्यार्थियों ने जिले में अपने विद्यालय के नाम का परचम लहराया हैं।